संसद सदस्यों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 23 जनवरी, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला, केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष श्री गुलाम नबी आज़ाद ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आज संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे। लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, श्री देश दीपक वर्मा ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. एन.संजीव रेड्डी ने 23 जनवरी, 1978 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र का अनावरण किया था।